**Terms of Reference**
**Lead Consultant - Child Health**

National Health Systems Resource Centre (NHSRC), New Delhi, on behalf of the Ministry of Health & Family Welfare, is seeking applications from qualified candidates for the above mentioned post purely on a contractual basis.

**Reporting to: Deputy Commissioner (Child Health), MoHFW**

**Roles and Responsibilities:**

- Techno-managerial support to the Ministry of Health & Family Welfare in Child Health programmes with focus on Planning review, implementation of all work related to child health interventions
- Preparation of operational guidelines, PPTs, white papers, policy notes for the programme
- Data analysis, programme review, and reviewing the situation on quarterly basis for informing to higher officers for decision making
- Data analysis of surveys related to child health and RMNCH+A from time to time and developing reports and status papers to inform policy
- Contribute to/support the preparation/design and conduct/update of situation analysis for the child health scenario under RMNCH+A spectrum, to ensure timely comprehensive and current data on child health and related factors available to guide policy and development, design and management of nutrition programs/projects.
- Responsible for Programme Implementation Plan of allocated States (PIP) in Child Health- through coordinating and incorporating inputs from programme Divisions, analysing for consistency and synergy, reviewing component wise budgets, ensuring adherence to norms and provide inputs to states as required for revision and submission of final PIPs for discussion at the National Programme Coordination Committee meetings.
- Review of technical documents and provide comments on behalf of the Ministry of Health& FW on Child Health related subjects
- To prepare convergent plans for Department of Health, Women & Child Development, PRIs, PHED, Social Justice & Empowerment; appraisal reports of State PIPs and their follow-up.
- To undertake periodic field visits to states and districts to review programme implementation in the States, identify implementation challenges and support states in charting appropriate solutions

Eligibility:

- Medical graduate (MBBS) with Post-graduate degree in public Health/Paediatrics/Health management from a reputed and recognised institution
- 7 + years of work experience in Public Health Sector. Prior experience in Project Management is an asset. Preference will be given to candidates who have worked in NHM / RCH at National or State level
- Well versed with recent debates and perspectives on child health and RMNCH+A issues including SDGs
- Ability to work in highly demanding environment, liaising with academia, multilateral partners
- Computer proficiency with high level of familiarity with commonly used packages like MS Word, Excel, Power Point & Web surfing to search relevant data & documents
- Excellent communication and presentation skills, analytical and interpersonal abilities, excellent oral and written communication skills in English. Working knowledge of Hindi also desirable.
- Formal educational qualification, experience and age could be relaxed when there is a published work of high quality or whenever there is work experience of specific relevance.

**Age Limit:** Upper Limit 55 years as on last date for receiving application and having sound health to undertake extensive field visits

**Remuneration Range:** Between Rs 1,30,000/- to 1,70,000/- per month.

**Location:** Delhi

**How to Apply:** Candidates are requested to fill in the online application correctly, which is available on the NHSRC website (http://nhsrcindia.org). Applications will be accepted in the prescribed online application format only. The last date for receiving applications is **28 July 2026**.

**Written test Condition:**

**If the recruitment process includes a written test, a minimum qualifying mark will be 70%. However, If the number of qualifying candidates is high, a ratio of 1:5 will be adopted for 1 vacancy top 5 candidates will be considered. In case 2 or more candidates qualify with the same marks, all such candidates will be considered.**

**निर्देश-निबंधन**

**मुख्य सलाहकार - बाल स्वास्थ्य**

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, उपरोक्त पद के लिए विशुद्ध रूप से संविदात्मक आधार पर अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

**रिपोर्टिंग: उप आयुक्त (बाल स्वास्थ्य), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**भूमिकाएँ एवं जिम्मेदारियाँ:**

- बाल स्वास्थ्य संबंधी हस्तक्षेपों से संबंधित सभी कार्यों की योजना, समीक्षा और कार्यान्वयन पर विशेष ध्यान देते हुए बाल स्वास्थ्य कार्यक्रमों में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को तकनीकी-प्रबंधकीय सहायता प्रदान करना।
- कार्यक्रम के लिए परिचालन दिशानिर्देश, पीपीटी, श्वेत पत्र और नीतिगत नोट्स तैयार करना।
- वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निर्णय लिए जाने हेतु जानकारी प्रदान करने के लिए तिमाही आधार पर डेटा विश्लेषण, कार्यक्रम और स्थिति की समीक्षा करना।
- समय-समय पर बाल स्वास्थ्य और आरएमएनएच+ए से संबंधित सर्वेक्षणों के डेटा का विश्लेषण करना और नीति निर्धारण हेतु रिपोर्ट और स्थिति पत्र तैयार करना।
- आरएमएनएच+ए स्पेक्ट्रम के अंतर्गत बाल स्वास्थ्य की स्थिति के विश्लेषण को तैयार/डिजाइन करने और उसका संचालन/अद्यतन करने में योगदान/सहायता करना, ताकि नीति और पोषण कार्यक्रमों/परियोजनाओं के विकास, डिजाइन और प्रबंधन को निर्देशित करने हेतु बाल स्वास्थ्य और संबंधित कारकों पर समय पर व्यापक और वर्तमान डेटा उपलब्ध हो सके।
- बाल स्वास्थ्य के क्षेत्र में आवंटित राज्यों के कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) का दायित्व संभालना, कार्यक्रम प्रभागों से प्राप्त सुझावों का समन्वय और समावेशन करना, सुसंगतता और तालमेल का विश्लेषण करना, घटक-वार बजट की समीक्षा करना, मानदंडों का पालन सुनिश्चित करना और राज्यों को आवश्यकतानुसार अंतिम पीआईपी के संशोधन और राष्ट्रीय कार्यक्रम समन्वय समिति की बैठकों में चर्चा के लिए सुझाव प्रदान करना।
- बाल स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से तकनीकी दस्तावेजों की समीक्षा करना और टिप्पणियाँ प्रदान करना।
- स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायती राज संस्थाओं, पीएचईडी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के लिए समन्वित योजनाएँ तैयार करना; राज्य पीआईपी की मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार करना और उन पर अनुवर्ती कार्रवाई करना।
- राज्यों में कार्यक्रम कार्यान्वयन की समीक्षा करने, कार्यान्वयन संबंधी चुनौतियों की पहचान करने और राज्यों को उचित समाधान खोजने में सहायता करने के लिए राज्यों और जिलों का समय-समय पर क्षेत्रीय दौरा करना।

**पात्रता:**

- किसी प्रतिष्ठित एवं मान्यता प्राप्त संस्थान से चिकित्सा स्नातक डिग्री (एमबीबीएस) के साथ लोक स्वास्थ्य/बाल रोग/स्वास्थ्य प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री।
- जन स्वास्थ्य क्षेत्र में 7+ से अधिक वर्षों का कार्य अनुभव। परियोजना प्रबंधन का पूर्व अनुभव एक अतिरिक्त योग्यता है। राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर एनएचएम/आरसीएच में कार्य कर चुके अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
- सतत विकास लक्ष्यों सहित बाल स्वास्थ्य और आरएमएनसीएच+ए से संबंधित मुद्दों पर हाल ही के विमर्शों और दृष्टिकोणों से भलीभांति परिचित होना।
- अत्यधिक कार्य के दबाव वाले वातावरण में कार्य करने और शिक्षाविदों एवं बहुपक्षीय भागीदारों के साथ समन्वय स्थापित करने की क्षमता।
- कंप्यूटर दक्षता, एमएस वर्ड, एक्सेल, पावर प्वाइंट जैसे सामान्य रूप से उपयोग किए जाने वाले पैकेजों से अच्छी तरह परिचित होना और प्रासंगिक डेटा एवं दस्तावेज़ों की खोज के लिए वेब सर्फिंग में निपुण होना।
- उत्कृष्ट संचार और प्रस्तुतीकरण कौशल, विश्लेषणात्मक एवं पारस्परिक क्षमताएं, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक एवं लिखित संप्रेषण कौशल। हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।
- उच्च गुणवत्ता के प्रकाशित कार्य या विशिष्ट प्रासंगिक कार्य अनुभव होने पर औपचारिक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और आयु में छूट दी जा सकती है।

**आयु सीमा:** आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक अधिकतम आयु 55 वर्ष होनी चाहिए और व्यापक रूप से क्षेत्रीय दौरो के लिए अच्छा स्वस्थ होना आवश्यक है।

**मानदेय सीमा:** 1,30,000/- रुपये से 1,70,000/- रुपये प्रति माह के बीच।

**स्थान:** दिल्ली

**आवेदन कैसे करें:** उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे NHSRC की वेबसाइट (http://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र को सही-सही भरें। आवेदन केवल तय ऑनलाइन प्रारूप में ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **28 जुलाई 2026 है।**

**<u>लिखित परीक्षा की शर्तें:</u>**

**यदि भर्ती प्रक्रिया में लिखित परीक्षा शामिल है, तो न्यूनतम क्वालिफाइंग अंक 70% होंगे। हालाँकि, यदि क्वालिफाई करने वाले उम्मीदवारों की संख्या अधिक है, तो 1 वैकेंसी के लिए 1:5 का अनुपात अपनाया जाएगा, यानी शीर्ष 5 उम्मीदवारों पर विचार किया जाएगा। यदि 2 या उससे अधिक उम्मीदवार समान अंकों के साथ क्वालिफाई करते हैं, तो उन सभी उम्मीदवारों पर विचार किया जाएगा।**